हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

करें उत्सव की शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुथीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

खबर संक्षेप



कसेकेरा-अमेठी में नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई


मुड़ागांव (कोरासी)। विजयादशमी के पावन अवसर पर ग्राम कसेकेरा-अमेठी के तिरंगा चौक में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां आदि शक्ति दुर्गा को भावभीनी विदाई दी। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के बाद बुधवार को माता रानी की विदाई की बेला आई, तो पूरा माहौल भक्तिमय और भावुक हो गया। मां दुर्गा की अंतिम विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भक्तों ने भारी मन से माता रानी को विदा करते हुए उनसे सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की निरोगी काया की कामना की। इस अवसर पर तिरंगा चौक में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के प्रति श्रद्धा और आस्था का भाव हर श्रद्धालु के चेहरे पर साफ दिखाई दिया। नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में लीन रहे भक्तों के लिए विदाई का पल भावुक करने वाला रहा। श्रद्धालुओं ने मां से अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना करते हुए श्रद्धा और विश्वास के साथ अंतिम विदाई दी। जय माता दी के जयकारों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रावण दहन के साथ गूंजे भगवान श्रीराम के जयकारे



नवापारा-राजिम। ग्राम परसदा में विजयादशमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास,श्रद्धा एवं पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच रमेश वर्मा द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आरती कर किया। इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। रावण दहन के माध्यम से मनुष्य को अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, ईष्या और द्वेष जैसी बुराइयों का त्यागकर प्रेम, सदभाव,भाईचारे और मानवता के मार्ग में चलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में रावणभांटा चौक में रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर राजेश साहू, जीतेन्द्र साहू, प्रीतराम साहू, तेजराम साहू, अश्वनी तारक,शत्रुहन साहू,भुनेश्वर साहू,शेखर साहू, रमेश साहू, भूषण वर्मा,विनोद सेन,पूरन साहू, टीकू यादव,संतराम बारले, रामजी खिलवारे,रामकुमार हिरवानी,जगदीश साहू गोपाल साहू, डॉ बेनीराम निर्मलकर, शत्रुहन सेन, गंगाराम वर्मा, नारद साहू, लोकेश साहू, डमरू तारक, मणीलाल साहू, दशरथ तारक, सीताराम साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

रामलीला के बाद रावण दहन, सत्य की हुई विजय



छुईहा बेलर। विजयादशमी के अवसर पर ग्राम जोगीडीपा में स्वामी विवेकानंद युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रामलीला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उत्साहपूर्वक रावण दहन कर असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। आयोजन में मातृशक्ति, वरिष्ठजन, युवाओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम ने धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, सामाजिक एकता और भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। आयोजक मंडल ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सौगात : बीजापाल में पहली बार पहुंचा कोई विधायक

देवगुड़ी निर्माण का विधायक रोहित ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विकासखंड छुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजापाल में विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में देवगुड़ी निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह पहला अवसर है जब आजादी के बाद से अब तक इस अंचल में कोई भी स्थानीय विधायक पहुंच पाया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और विधायक के पहली बार गांव की धरती पर कदम रखने से ग्रामीणों में अपार उत्साह देखा गया।

देवगुड़ी के इस भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश साहू और जिला पंचायत गरियाबंद के कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में लच्छन कुमार नेताम, चैतन राम ठाकुर, कलीराम नेताम, ईमरान अली, रामलाल कुलदीप, महेश्वर दीवान, गैंदराम सिन्हा और धनीराम विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज का दिन बीजापाल और पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का विजन स्पष्ट है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति और दूरस्थ गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचाई जाए। देवगुड़ी हमारी सांस्कृतिक और आदिवासी आस्था का केंद्र हैं, जिनका संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

घोषणाओं की झड़ी से गदगद हुए ग्रामीण





विधायक ने गांव के इस मंच से विकास कार्यों की घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने बीजापाल में राजस्व शिविर लगाने, एक बोर खनन करने, मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण, महिला सामुदायिक भवन निर्माण, बिरनीबाहरा में टीन शेड निर्माण, ताराझर नाला पर पुलिया निर्माण, माध्यमिक शाला बीजापाल में अतिरिक्त कमरा निर्माण और शिव मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में सुदूर गांव-गांव तक विकास योजनाएं पहुंच रही हैं। जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि बीजापाल जैसे सुदूर गांव में विधायक का स्वयं पहुंचना यह दर्शाता है कि वे जन-जन से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर कोमल ढ़ीढ़ी, हैप्पी सिंग, दिशांक चंद्राकर, पुरुषोत्तम गोस्वामी सहित क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

पटवारियों की हड़ताल से बढ़ी किसानों की मुश्किलें



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

पीवी ऐप की तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं, कथित दमनात्मक निलंबन और स्थानांतरण की कार्रवाई, वेतन विसंगति तथा पदोन्नति की मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ 13 अक्टूबर से पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है पटवारियों के इस आंदोलन से जिले की राजस्व व्यवस्था पर भारी असर पड़ने लगा है वही, किसानों और आम नागरिकों को भी अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए भटकना पड़ रहा है। राजस्व पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर स्पष्ट रुख अपनाते हुए चार प्रमुख मुद्दे उठाए हैं। इनमें पीवी ऐप में कार्य करने का बहिष्कार, दमनात्मक निलंबन एवं स्थानांतरण की कार्रवाई वापस लेना, वेतन विसंगति दूर करना और राजस्व निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति सुनिश्चित करना शामिल है। संघ का कहना है कि पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन के दौरान विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं। इन कठिनाइयों से विभाग और शासन को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं होने से पटवारियों में असंतोष बढ़ा है। संघ ने लंबित मांगों पर ठोस निर्णय लेने और कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष गुलशन यदु, लवकुमार साहू, तुलेश कोमर्रा, भागवत कश्यप, मनोज खरे, धनेश ध्रुव, नरेश ध्रुव, टंकेश्वर वर्मा, उषाकिरण साहू, आशीष चतुर्वेदी, रायसिंग ठाकुर, राकेश साहू, ब्रम्ह मरकाम, रंजिता कश्यप, प्रेमेन्द्र साहू, खेमराज सेन, हेमंत सेन, लोकेश साहू, टीकाराम त्रिवेन्द्र, शिवकुमार ध्रुव, मनीष पारकर, मनोज कंवर, अजय बघेल, रामकृष्ण सिन्हा, देवन्ती ध्रुव, अंजली विभोर ने बताया अपनी लंबित मांगो को लेकर पिछले 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पटवारियों के काम पर नहीं लौटने से किसानों को अपने खेतों के दस्तावेजों के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन वहां ताले लटके मिलने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। आम नागरिक भी जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र और नामांतरण, सीमांकन जैसे जरूरी कार्यों के लिए परेशान हो रहे हैं छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए प्रमाण पत्रों की सख्त जरूरत है, लेकिन पटवारी प्रतिवेदन न मिलने के कारण उनके आवेदन अटक गए हैं।

मैनपुर नगर में भालू की दस्तक से दहशत

मैनपुर। नगर में इन दिनों एक जंगली भालू की लगातार आमद से भारी डर और दहशत का माहौल है। खासकर त्योहारी सीजन के दौरान रात के समय लोगों की आवाजाही बढ़ने से यह स्थिति और अधिक चिंताजनक हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात मैनपुर नगर के स्टापडेम मोहल्ले में वरिष्ठ नागरिक हुलार ठाकुर के निवास के सामने जंगली भालू मंडराते नजर आया, जिसकी तस्वीरें वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं। कैमरे में भालू की मौजूदगी सामने आने के बाद से नगरवासियों में हड़कंप मच गया है। **रिहायशी इलाकों से लेकर वन विभाग परिसर तक फेरा-** ग्रामीण और शहरी सूत्रों के अनुसार, यह जंगली भालू मैनपुर तालाब से लेकर स्टापडेम, लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, हाईस्कूल और सीधे वन विभाग परिसर एसडीओ निवास के सामने स्थित बरगद के पेड़ तक पहुंच रहा है। भालू का मुख्य उद्देश्य बरगद के पेड़ पर शहद की तलाश करना है, जिसकी पुष्टि वन विभाग के कर्मचारियों और चौकीदारों द्वारा भी की गई है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी हल्की ठंड शुरू होते ही मैनपुर नगर में भालू ने इसी प्रकार दस्तक दी थी। **त्योहारों के सीजन में बढ़ी चिंता, सुरक्षा की गुहार-** पिछले एक सप्ताह से नगर के भीतर भालू के बेखौफ घूमने से लोग काफी सहमे हुए हैं। वर्तमान में त्योहारों का मौसम होने के कारण देर रात तक बाजारों और गलियों में चहल-पहल रहती है, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। नगरवासियों ने वन विभाग से त्वरित संज्ञान लेने, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और भालू को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर खदेड़ने की पुरजोर मांग की है।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के लिए जिला व चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिला एवं चार्ज अधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 स्वतंत्रता की बाद 8वीं जनगणना है। राज्य स्तर से आएं प्रशिक्षक द्वारा जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत कराएं जा रहे है। जिसे सभी अधिकारी भली भांति प्रशिक्षण प्राप्त करें जहां कही शंका हो तो उसे दोबारा प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं को दूर करें। उन्होंने नागरिकों से जनगणना के लिए नियुक्त प्रगणकों एवं अधिकृत कर्मचारियों को सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि जनगणना का कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।



■ 25 जनवरी से 28 फरवरी तक घर-घर जाकर होगी जनगणना

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि इससे प्राप्त आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण, प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और विभिन्न नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रशिक्षण में दी गई जानकारी और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी से अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ करते हुए जनगणना कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने निर्देशित किया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, नागरिकों को 10 से 24 जनवरी 2027 तक वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का अवसर मिलेगा। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। इस दौरान निर्धारित प्रारूप के अनुसार परिवारों से आवश्यक जानकारी एकत्र की जाएगी। स्व-गणना के तहत नागरिक वेब पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सभी आवश्यक विवरण सही और सावधानीपूर्वक भरना होगा।

दशहरा की रात से लापता युवक, तीसरे दिन जंगल से घिरे तालाब में मिला शव

रसेला। अंचल में विजयादशमी के पर्व पर जहां लोग उत्साह और उमंग के साथ जश्न मना रहे थे, वहीं बोईरभाड़ी गांव के एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मंगलवार रात से लापता 45 वर्षीय युवक का शव गुरुवार सुबह जंगल से घिरे तालाब में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जिस परिवार को युवक के सकुशल लौटने की उम्मीद थी, उसे शव मिलने की खबर ने झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान बोईरभाड़ी निवासी जोहन जगत (45 वर्ष), पिता रामजी जगत के रूप में हुई है। जोहन जगत को मंगलवार रात विजयादशमी के अवसर पर आयोजित रात्रिकालीन कार्यक्रम में आखिरी बार देखा गया था। इस बीच गुरुवार सुबह जंगल से घिरे तालाब में एक शव तैरता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया, जिसके बाद मृतक की पहचान जोहन जगत के रूप पुलिस ने घटनास्थल पर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भिजवाया है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत तालाब में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। परिवार के लोग जिस उम्मीद के साथ उनकी तलाश कर रहे थे, वह गुरुवार सुबह शव मिलने के साथ ही टूट गई। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिनसे घटना की परिस्थितियों का खुलासा होने की उम्मीद है।



देवगांव में बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा नम आँखों के साथ दी गई दुर्गा माता को विदाई



छुईहा-बेलर। ग्राम पंचायत चरभट्ठी के आश्रित ग्राम देवगांव में शारदीय नवरात्र के समापन पर मां काली एवं मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भक्तिमय वातावरण में किया गया। सरपंच डॉ. राजेंद्र साहू के निवास पर मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई थी, वहीं ग्रामवासियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र के दौरान पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा।

माता रानी की विदाई के अवसर पर सेवा भाव से जुटे ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान भक्तों ने माता रानी के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं ग्राम की उन्नति की कामना की। पूरे आयोजन में ग्रामीणों की सहभागिता और धार्मिक आस्था देखने को मिली। इस अवसर पर सरपंच डॉ. राजेंद्र साहू, संतोष मार्कण्डेय, ग्रामीण अध्यक्ष तमेश साहू, ग्रामीण सचिव सियाराम साहू, पटेल धर्मेंद्र, नगरची तेज ध्रुव, बैगा माधव पोहता, पंडा प्रेम सिंह, नगरची देवशरण, भीषम, रामलाल साहू, रामगोपाल, रोहित, बेदराम, ओमप्रकाश, पूर्व सरपंच रुपेश, कमलेश, प्रकाश, भुवन, सतीश, ओम, तुमेश, पावस, तुलेश्वर, रूपसिंग, कोमल, उदय, लिलेश एवं प्रेमशंकर दूबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

सिंचाई के लिए मुख्य मार्ग को काटा, हादसे का खतरा बढ़ा

मुड़ागांव (कोरासी)। छुरा-राजिम मुख्य मार्ग पर लोहझर और खैरझिटी के बीच जगन्नाथ राइस मिल के सामने खेतों की सिंचाई के लिए सड़क को काटकर पानी निकाले जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। सड़क के बीच से लगातार पानी बहने और कीचड़ जमा होने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है, जिनके वाहन फिसलने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले तीन दिनों से सड़क के कटे हुए हिस्से से पानी बह रहा है। पानी और कीचड़ के कारण कई लोग दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। मुख्य मार्ग को काटकर पानी निकाले जाने से डामर की सड़क को नुकसान पहुंचा है। लगातार पानी बहने के कारण सड़क के दोनों किनारों के भी क्षतिग्रस्त होने और धंसने



की स्थिति बन रही है। इससे सड़क की मजबूती प्रभावित होने के साथ ही वाहन चालकों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा तहसील प्रशासन से मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क को काटकर पानी निकाले जाने की जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही, सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की शीघ्र मरम्मत कराकर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सब्जियों की टोकरी भेंट कर किसान युधिष्ठिर ने विधायक का किया सम्मान

छुईहा-बेलर। ग्राम पंचायत रचकट्टी के युवा सरपंच युधिष्ठिर साहू जनप्रतिनिधि के रूप में शासन और जनता के बीच कड़ी बनकर ग्रामीणों की सेवा कर रहे हैं। साथ ही वर्तमान में वे अपनी कृषि भूमि पर करेला, बैंगन और टमाटर सहित विभिन्न प्रकार की सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। जनसेवा के साथ कृषि के प्रति उनकी यह रुचि उन्हें एक उन्नत सब्जी उत्पादक किसान के रूप में भी पहचान दिला रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को युधिष्ठिर साहू ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने खेत में उत्पादित ताजी करेला, बैंगन सहित अन्य साग-सब्जियों को आकर्षक ढंग से टोकरी में सजाकर उपहार स्वरूप भेंट किया। वहीं, ग्राम पंचायत बिजली के सरपंच मोतीराम निषाद ने चेच, भाजी, पाला भाजी और कुसुम भाजी को गुलदस्ते का स्वरूप देकर विधायक का अभिनव तरीके से सम्मान किया। खेतों में उत्पादित ताजी सब्जियों को पारंपरिक गुलदस्ते के स्थान पर सम्मान और आत्मीयता के प्रतीक के रूप में भेंट करने की इस पहल को विधायक ने सराहा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा,रामाधार साहू, संतोष यादव, सरपंच जामगांव हिरू डहरे,लचकेरा सरपंच अरूण ध्रुव,भेंण्ड्री सरपंच चुम्मन सविता सिन्हा, मोती निषाद, तिलक सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।



पेज 13 के शेष...

चरौदा में नवनिर्मित...

निर्माण चरौदा, अतिरिक्त कमरा प्राथमिक शाला चरौदा, अतिरिक्त कमरा निर्माण प्राथमिक शाला पटपरपाली जैसे अनेक घोषणाएं की। **स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगीः मीरा-** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि चरौदा में इस उप स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक राहत मिलेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोमल ढ़ीढ़ी जिला पंचायत प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र,अध्यक्ष सहकारी समिति लचकेरा, हैप्पी सिंग उपसरपंच मडेली, दिशांक चंद्राकर, पुरुषोत्तम गोस्वामी महामंत्री भाजपा मंडल खड़मा,ब्रजलाल,बलिराम नागेश,महेश नागेश, रमादेवी अग्रवाल, सुनीता सिन्हा, धनसिंह टांडे,सुंदर ठाकुर पूर्व सरपंच पटपरपाली, पदुराम मरकाम पूर्व उपसरपंच पटपरपाली, हुमेश्वर कुंजाम,कौशल जगत, डिगेश नागेश, घनश्याम नागेश सरपंच प्रतिनिधि,संतोष ध्रुव, जहूर सिंह नागेश,हाईस्कूल के प्राचार्य ध्रुव, स्वास्थ्य विभाग के सीबी दीवान आदि उपस्थित रहे।

खस्ताहाल नेशनल...

नेशनल हाईवे ओड़िशा को जोड़ता है। इस मार्ग मे प्रतिदिन सैकड़ों वाहने चलते हैं। अत्यधिक ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क जर्जर होती जा रहा है। इस सड़क मे अब फिर डामरीकरण किये जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सड़क के किनारे जगह –जगह कटाव और बड़े बड़े गड्ढे मे खासकर मोटर साइकिल व दो पहिया वाहन के चक्के जाते ही लोग गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सड़क की इस दयनीय स्थिति को लेकर क्षेत्र के रहवासियों और वाहन चालकों में गहरा आक्रोश है। गरियाबंद से लेकर मैनपुर–झरियाबाहरा तक के आम नागरिकों ने शासन और प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस नेशनल हाईवे पर जल्द से जल्द नए सिरे से डामरीकरण का कार्य कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

नाती पर दादा...

मई 2026 को नवीन सोनी कथित तौर पर मुर्गी काटने वाले हथियार के साथ घर में घुसा था। परिवार के सदस्यों पर हमला करने की कोशिश की थी। उन्होंने उस समय पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि समय पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हुई है। दादा के साथ हुई ताजा घटना के बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस थाना प्रभारी के निर्देश पर आरोपी पुलिस हिरासत में रखा गया। पुलिस ने कहा कि विवेचना जारी है।



तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

12 देवगुड़ी निर्माण का विधायक रोहित ने किया भूमिपूजन



14 सड़क सुरक्षा की कमान संभालेंगे युवा, पुलिस ने...





खबर संक्षेप

जिला सरपंच संघ की बैठक होगी आज

गरियाबंद/ राजिम। जिला सरपंच संघ की बैठक 23 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे पुराने रेस्ट हाउस गरियाबंद में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरीश साहू करेंगे। बैठक में जिले के पांचों ब्लॉकों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी पदाधिकारी, जिला उपाध्यक्ष एवं प्रत्येक ब्लॉक से पांच-पांच कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। इसके साथ ही जिले के अन्य सरपंच भी बैठक में शामिल हो सकेंगे। बैठक में पुराने निर्माण कार्यों की लंबित मनरेगा राशि के भुगतान एवं आहरण, जिला एवं जनपद पंचायत में लंबित फाइलों के शीघ्र निराकरण, ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के दौरान अनावश्यक हस्तक्षेप पर रोक लगाने तथा सरपंचों को नियमानुसार कार्य एजेंसी चयन की स्वतंत्रता दिलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग की राशि दीपावली से पूर्व जारी कराने की मांग को लेकर भी सामूहिक रणनीति तैयार की जाएगी। संघ ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं सरपंचों से बैठक में उपस्थित होकर पंचायतों के हितों और सरपंचों के अधिकारों की मजबूती के लिए एकजुटता दिखाने की अपील की है।

चरौदा में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का विधायक साहू ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम पंचायत चरौदा में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में लेखराज ध्रुवा कृषि सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद के साथ ही कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चरौदा की सरपंच श्रीमती लालता घनश्याम नागेश, जनपद सदस्य लच्छन कुमार नेताम, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा गरियाबंद के अध्यक्ष इमरान अली, भाजपा मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप,उपसरपंच श्री दिलीप सोरी, ग्राम पंचायत के सभापति नकछेड़ा नागेश, ग्राम समिति अध्यक्ष टीकुम सोरी, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, ग्राम पटेल सोमनाथ नागेश, ग्राम प्रमुख रामचरण नागेश सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा: रोहित





लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ होना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। चरौदा और आसपास के गांवों के लोगों को अब छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं या प्राथमिक उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर नवीन पंचायत भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही कमारपारा चरौदा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, व्यावसायिक परिसर शेड निर्माण हेतु, मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय ⏭शेष पेज 12 पर

खस्ताहाल नेशनल हाईवे : मैनपुर गरियाबंद मार्ग पर चलना हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

राजधानी रायपुर से ओड़िशा को जोड़ने वाले गरियाबंद मैनपुर झरियाबाहरा 130 सी मुख्यमार्ग खस्ताहाल हो गया है। एनएच के इस 55 किमी में जगह-जगह गड्ढे होने से चलना दूभर हो गया है। वाहन चालक हादसे का शिकार हो रह हैं। इस मुख्य सड़क पर पिछले 15 से 16 वर्षों से दोबारा डामरीकरण का कार्य नहीं हुआ है। सड़क के गड्ढो में कुछ वर्ष पहले पिचिंग का कार्य किया गया था जो अब फिर उखड़ रहे हैं। गहरे गड्ढे और बिखरी गिट्टियां राहगीरों, विशेषकर बाइक चालकों के लिए रोजाना बड़ी मुसीबत बन गई हैं। राजधानी रायपुर से राजिम गरियाबंद मैनपुर झरियाबाहरा होते हुए ⏭शेष पेज 12 पर

- 15 साल से नहीं हुआ डामरीकरण, राहगीरों और बाइक चालकों की बढ़ी मुश्किलें

55 किमी सड़क में जगह- जगह गड्ढे





प्रमुख मार्ग, पर उपेक्षा का शिकार

यह नेशनल हाईवे गरियाबंद से लेकर मैनपुर, झरियाबाहरा तक के क्षेत्र को आपस में जोड़ता है। जिला मुख्यालय और अन्य बड़े शहरों तक पहुंचने के लिए यह सबसे अहम जरिया है। बावजूद इसके, लंबे समय से इस मार्ग की सुध न लिए जाने के कारण डामर उखड़ रहा है। सड़क पर जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को सफर तय करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खस्ताहाली के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। विशेष तौर पर दोपहिया चालकों को धूल और उड़ती गिट्टियों के साथ–साथ असंतुलन का सामना करना पड़ता है। रात के समय अनजान राहगीरों और ड्राइवरों के लिए यह गड्ढे बड़े हादसों का सबब बन जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जरा सी चूक गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

नाती पर दादा से मारपीट का आरोप, बुजुर्ग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम सिर्रीखुर्द में नाती ने दादा पर जानलेवा हमले किया, जिससे उनकी हालत गंभीर है। परिजनों के अनुसार, नवीन सोनी पर अपने दादा ओमकार सोनी के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप है। बुजुर्ग को खून से लथपथ हालत में फिंगेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। घटना के बाद परिवार में भय और चिंता का माहौल है। फिलहाल, मामले में फिंगेश्वर पुलिस जांच कर रही है। घायल बुजुर्ग के परिजनों का दावा है कि नवीन सोनी पहले भी परिवार के सदस्यों के साथ विवाद और मारपीट कर चुका है। इस मामले में जेल भी जा चुका है। परिजनों के मुताबिक, जेल से बाहर आने के बाद फिर से विवाद की स्थिति बनने लगी। आरोपी के चाचा भीमलाल सोनी ने बताया कि 31 ⏭शेष पेज 12 पर

- सिर्रीखुर्द में परिजनों ने कहा : पहले भी विवाद और मारपीट की शिकायत की थी







खबर संक्षेप

अकलवारा स्कूल में चिरायु दल ने किया विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण



मुड़ागांव (कोरासी)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु दल छुरा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर संभावित बीमारियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करने के साथ आवश्यकतानुसार चिकित्सा परामर्श देने पर जोर दिया गया। चिरायु दल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जन्मजात विकारों, बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों तथा शारीरिक एवं विकासात्मक देरी की समय पर पहचान करना है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को उचित उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। विद्यालय स्तर पर आयोजित ऐसे शिविर बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने और समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य एस.के. वर्मा सहित कुशकुमार दीवान, डी.एस. दीवान, पोषण कुमार टोडरे, चेतना चंद्राकर, वर्षा रामटेके, घनौद कुमार कन्नौजे, अरुण साहू, अनिल सलाम, भुनेश्वरी दीवान, सूरज सोनी एवं बाबूलाल बंजारे उपस्थित रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता में जबरदस्त उत्साह

मैनपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामदास वैष्णव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय सरकार और केंद्र के नरेंद्र मोदी



सरकार की बेहतर कार्य–योजना और जनहितकारी नीतियों का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों के समन्वय से प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है समाज के हर वर्ग के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है, जिससे प्रदेशभर की जनता में भारी खुशी और उत्साह का माहौल है। महतारी वंदन योजना वरदान साबित हुआ है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन 25 को

नवापारा-राजिम। नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पथ संचलन का आयोजन विजयादशमी के उपलक्ष्य एवं शताब्दी वर्ष के निमित्त मनाया जाएगा। नगर में दो स्थानों से संचलन निकाला जाएगा। बस्ती क्र.1 और 3 का वार्ड नंबर 1,2,7,8,9,10,11,12,13 और,20,21,का संचालन गायत्री माता मंदिर शीतला पारा से होगा। बस्ती क्र.2 और 4 वार्ड नंबर 3,4,5,6,7,14,15,16,17,18,19 का संचालन श्रीराधाकृष्ण मंदिर से निकाला जाएगा जिसमें नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से एकत्रीकरण 10.30 बजे पथ संचलन एवं 11,15 से बौद्धिक कार्यक्रम चालू होगा।

सड़क सुरक्षा की कमान संभालेंगे युवा, पुलिस ने तैयार की ट्रैफिक वार्डनों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सड़क सुरक्षा के साथ राह-वीर और पीएम राहत योजना के प्रचार-प्रसार का भी मिला दायित्व

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए गरियाबंद पुलिस ने जनभागीदारी की दिशा में नई पहल शुरू की है। अब जिले के जागरूक युवा यातायात प्रबंधन में पुलिस का सहयोग करते हुए ट्रैफिक वार्डन की भूमिका निभाएंगे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण एवं किट वितरण कार्यक्रम में युवाओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और दुर्घटना के समय घायलों की मदद करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके, यातायात एवं साइबर उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह तथा यातायात प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रामाधार मरकाम उपस्थित रहे।

- टी-शर्ट, कैप, सीटी और रेडियम जैकेट देकर किया प्रोत्साहित





सुरक्षा किट देकर किया अधिकृत

जनसेवा की भावना से पुलिस के साथ जुड़ने वाले युवाओं को ट्रैफिक वार्डन के रूप में अधिकृत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने उन्हें कर्तव्य निर्वहन के दौरान पहचान और सुरक्षा के लिए टी-शर्ट, कैप, सीटी तथा रेडियम जैकेट वितरित किए। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य यातायात व्यवस्था में आम नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को मजबूत करना है।

दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए करेंगे जागरूक

ट्रैफिक वार्डनों को सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता से जुड़ी राह-वीर योजना और पीएम राहत योजना के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। उन्हें इन योजनाओं का आम नागरिकों के बीच प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई, ताकि दुर्घटना के समय लोग कानूनी प्रक्रिया के भय से पीछे हटने के बजाय घायलों की मदद के लिए आगे आएं।

चौराहों और बाजारों में यातायात व्यवस्था बनाने में करेंगे सहयोग– प्रशिक्षण के दौरान यातायात उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह और सहायक उपनिरीक्षक रामाधार मरकाम ने युवाओं को यातायात के बुनियादी नियमों, सड़क संकेतों और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि संबंधित थाना प्रभारी के समन्वय से अपने-अपने थाना क्षेत्रों के भीड़भाड़ वाले चौराहों और बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने में सहयोग करना है। साथ ही सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल नजदीकी थाने अथवा डायल 112 को सूचना देने और घायलों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया।


चर्चा : भुगतान करने के लिए सरपंचों को लेना पड़ रहा कर्ज

15वें-16वें वित्त की राशि का इंतजार, गांवों में सफाई से लेकर पेयजल व्यवस्था तक बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राज्य में पंचायती राज व्यवस्था इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है। गांवों के विकास की जिम्मेदारी संभालने वाली ग्राम पंचायतों की हालत ऐसी हो गई है कि कहीं नालियां साफ नहीं हो रहीं, कहीं गलियों में गंदगी पसरी है, तो कहीं पेयजल आपूर्ति करने वाली मोटर खराब होने पर उसे सुधारने तक के लिए राशि नहीं है। हालात इतने बदतर बताए जा रहे हैं कि गांव में काम कराने वाले मिस्त्री, मजदूर और निर्माण सामग्री के दुकानदारों का भुगतान करने के लिए सरपंचों को कर्ज लेना पड़ रहा है। 15वें और 16वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने की शिकायतों ने पंचायतों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सवाल यह है कि जब पंचायतों की तिजोरी खाली है, तो गांवों का विकास आखिर कैसे होगा?

पंचायतें कंगाल, सरपंच कर्जदार– ग्राम पंचायतों में राशि की कमी का असर अब सीधे ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं पर दिखाई देने लगा है। सफाई व्यवस्था प्रभावित है, नालियों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही है और गलियों की स्वच्छता भी बाधित है। पेयजल आपूर्ति की मोटर खराब हो जाए, तो उसे ठीक कराने के लिए भी सरपंचों को राशि जुटाने की चिंता सताने लगती है।



सरपंचों का मोहभंग, पंचायती राज पर संकट

लगातार आर्थिक संकट, ग्रामीणों का दबाव और भुगतान की जिम्मेदारी ने सरपंचों को हताश कर दिया है। कई जनप्रतिनिधि अब अगला चुनाव नहीं लड़ने की बात कह रहे हैं। उनका सवाल है कि जब पंचायत के पास विकास के लिए राशि ही नहीं होगी, तो वे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कैसे करेंगे? शासन को पंचायतों की लंबित राशि जारी करने, मूलभूत सुविधाओं के लिए नियमित वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करने और जीईएम पोर्टल से जुड़े कमीशनखोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की दिशा में तत्काल कदम उठाने चाहिए। अन्यथा गांवों के विकास की रीढ़ मानी जाने वाली पंचायती राज व्यवस्था कागजों तक सिमटने का खतरा बढ़ जाएगा।

दो लाख रुपये का कर्ज लेकर किया भुगतान– हसदा, आलेखुंटा और दादरझोरी सहित कई पंचायतों में सरपंचों के कर्ज लेकर भुगतान करने की स्थिति सामने आने की बात कही जा रही है। आलेखुंटा के सरपंच पति झाड़राम सिन्हा के अनुसार, उन्होंने एक साहूकार से ब्याज पर दो लाख रुपये उधार लिए। इस राशि से उन लोगों का भुगतान किया गया, जिन्होंने पंचायत के काम किए थे। यह स्थिति बताती है कि पंचायतों के पास पर्याप्त राशि नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों को अपनी साख बचाने के लिए निजी कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है।

विकास कार्यों की स्थिति इससे भी अधिक चिंताजनक है। कहीं काम करा दिया गया है, लेकिन भुगतान के लिए पैसा नहीं है। इससे मिस्त्री, मजदूर और सामग्री आपूर्तिकताअरं की देनदारी बढ़ती जा रही है। सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू का कहना है कि सरकार को आए तीन साल हो चुके हैं, लेकिन पंचायतों की आर्थिक स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। पंचायतों को जरूरी राशि नहीं मिलने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में सरपंचों के सामने ग्रामीणों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मुश्किल हो गया है।

सेंदर में आज से 29 तक होगा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ

छुईहा बेलर। ग्राम सेंदर में धार्मिक वातावरण के बीच श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। भीम चौक दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में चतुर्भुज सिरकट्टी के महंत संत सिया गोवर्धन शरण व्यास महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा



का श्रवण करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष भागवत साहू, जनक साहू, पूर्व सरपंच रामाधार साहू एवं योगेश देवांगन ने बताया कि कथा का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह 11 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। सात दिवसीय कथा में प्रतिदिन भगवान के विभिन्न अवतारों, लीलाओं एवं भक्तों की कथाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा श्रवण के लिए जनप्रतिनिधि, समाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, महिला समुह ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा के प्रथम दिन शुक्रवार को कलश यात्रा के पश्चात गोकर्ण आख्यान एवं वराह अवतार की कथा होगी। शनिवार को ध्रुव चरित्र एवं वामन अवतार, रविवार को श्रीराम एवं श्रीकृष्ण अवतार तथा नंद उत्सव का आयोजन होगा। सोमवार को बाललीला एवं माखन चोरी की कथा सुनाई जाएगी। मंगलवार को गिरिराज पूजन एवं रास मंडप प्रसंग होगा। बुधवार को रुक्मिणी मंगल एवं सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा। गुरुवार को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा एवं गीता पाठ के साथ कथा सप्ताह का समापन होगा। आयोजन के दौरान पंडित नीलकंठ चौबे द्वारा संस्कृत पाठ का परायण किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

बेहतर प्रदर्शन के बाद भी पटवारियों को नोटिस पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग

जिले भर में नक्शा बटांकन, डीसीएस और आधार सीडिंग अभिलेख शुद्धता में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे पटवारियों को एसडीएम द्वारा नोटिस जारी किए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। देवभोग में डीसीएस कार्य 98 प्रतिशत और आधार सीडिंग 95 प्रतिशत होने के साथ नक्शा बटांकन में भी बेहतर प्रदर्शन के बाद पटवारी पुरुषोत्तम सोरी और छवि मरकाम को नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि पुरुषोत्तम सोरी का 82 प्रतिशत और छवि मरकाम का 80 प्रतिशत से अधिक बटांकन कार्य पूरा हो चुका है। पटवारियों का कहना है कि बरसात और फसल लगने के कारण शेष बटांकन कार्य प्रभावित हुआ है।

- कार्रवाई पर उठे सवाल, 27 हल्कों में महज 14 पटवारी पदस्थ



बीते 13 अक्टूबर से देवभोग, अमलीपदर सहित प्रदेशभर के पटवारी पीवी ऐप में कार्य का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनकी प्रमुख मांगों में दमनकारी निलंबन एवं स्थानांतरण की कार्रवाई बिना शर्त वापस लेना, वेतन और राजस्व निरीक्षक पर विभागीय पदोन्नति शामिल हैं। आंदोलनरत पटवारियों का आरोप है कि शासन बातचीत के बजाय नोटिस, निलंबन और स्थानांतरण जैसी कार्रवाई कर आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। पटवारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ब्रह्मासिंग मरकाम ने बताया कि पीवी ऐप काफी पेचीदा है, जिसके कारण कार्य करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

27 हल्कों में महज 14 पटवारी, कार्यभार बढ़ा– आंदोलनकारी पटवारियों के अनुसार, ब्लॉक के 27 हल्कों के लिए महज 14 पटवारी पदस्थ हैं। कई पटवारियों के पास दो-दो, जबकि कुछ के पास तीन-तीन हल्कों की जिम्मेदारी है। ऐसे में पीवी ऐप का अतिरिक्त कार्य निर्धारित समय में पूरा करना चुनौतीपूर्ण है। पटवारियों को बटांकन, सीमांकन सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्य भी करने पड़ते हैं, जिनमें मौके पर उपस्थित रहकर प्रक्रिया पूरी करनी होती है। सीमित अमले के बीच बढ़ते कार्यभार से परेशानी और बढ़ रही है।

हड़ताल से किसानों के कामकाज प्रभावित– पटवारियों की हड़ताल से किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जिन किसानों की गिरदावरी नहीं हो पाई है, उन्हें फसल विवरण पंजीयन सहित अन्य कार्यों को लेकर चिंता सता रही है। धान खरीदी नजदीक होने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। हड़ताल से अनभिज्ञ किसान काम कराने पटवारियों के पास पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें धरने पर बैठे देखकर वापस लौटना पड़ रहा है।

ये रहे उपस्थित– प्रदर्शन के दौरान छवि ध्रुव, ओंकार सोरी, मुकेश नेताम, पुरुषोत्तम सोरी, गौकरण नागेश, ओमप्रकाश ठाकुर, अंजली विभार, बनिता मरकाम, उर्मिला ध्रुव, नटेस्वर नायडू, ब्रह्मसिंग मरकाम, नारायण सोम, हेमन्द्र सिन्हा, राकेश ठाकुर, अश्विनी दीवान, देवन्तिन ध्रुव, रमूला नेताम, तिलक शांडिल्य, रामेश्वरी ठाकुर और संतोष कुमार ध्रुव सहित अन्य पटवारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में गूंजे वैदिक मंत्र एसपी ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

विजयादशमी पर पुलिस लाइन में पारंपरिक शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्रों एवं पुलिस वाहनों का पूजन कर जिले में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

पुलिस लाइन स्थित रक्षित केंद्र में आयोजित शस्त्र पूजन के दौरान पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने आधुनिक एवं पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों तथा पुलिस वाहनों पर तिलक लगाकर अक्षत और पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर एसपी सिरमौर ने पुलिस परिवार, उनके परिजनों और जिलेवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक





है। पुलिस बल जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण सिंह उके, उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निशा सिन्हा, रक्षित निरीक्षक सनत कुमार ठाकुर सहित पुलिस लाइन के अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और तकनीकी नवाचारों से कराया गया अवगत


आईएसबीएम विश्वविद्यालय में छह दिवसीय राष्ट्रीय एफडीपी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा में आधुनिक तकनीकों के प्रभाव और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 से 17 अक्टूबर 2026 तक छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय उच्च शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियां रखा गया, जिसका उद्देश्य प्राध्यापकों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और तकनीकी नवाचारों से अवगत कराना था।

- फैकल्टी ने सीखे एआई के गुर

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पुणे के वाडिया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की प्रो. मनुश्री सहाय ने उच्च शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बुनियादी सिद्धांतों, इसके उपकरणों और अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।



प्रमाणपत्र का किया वितरण

कार्यक्रम के समापन पर सभी पंजीकृत एवं सक्रिय प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों तथा शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस ज्ञानोत्सव को सफल बनाया।

इसके बाद ट्रिनिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. राहत खान ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से अधिक रोचक, प्रभावी और व्यक्तिगत बनाने की विभिन्न रणनीतियां साझा कीं।

आगे के सत्रों में पुणे के सह-प्राध्यापक डॉ. अभिजीत ठाकुर ने शोध की गुणवत्ता सुधारने, नवाचार को गति देने तथा अनुसंधान में तकनीक के नैतिक उपयोग पर व्याख्यान दिया। जबलपुर के नचिकेता इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डॉ. गरिमा चौबे ने शिक्षा के क्षेत्र में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल व ऑगमेंटेड रियलिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका को रेखांकित किया। इसके पश्चात पुणे के सहायक प्राध्यापक डॉ. पीयूष पारीक ने भविष्योन्मुखी शैक्षणिक वातावरण के निर्माण और आवश्यक रूपरेखा पर चर्चा की। अंतिम सत्र में भारती विद्यापीठ की प्राध्यापिका डॉ. निशा अभिजीत औटी ने जिम्मेदार तकनीक के प्रयोग, शैक्षणिक सत्यनिष्ठा और उच्च शिक्षा की भावी दिशाओं पर अपने विचार रखे। इस संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वयन विश्वविद्यालय की संयुक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा द्वारा किया गया। वहीं, कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक गोविंदा साहू और इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक दुष्यंत यादव ने सह-समन्वयक के रूप में कार्यक्रम का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया।

